


... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शुक्रवार, 24 अप्रैल-2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष -43 ● अंक 201 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया







## मथुरा में परिवार को बंधक बनाकर 15 लाख का डाका

● नकाबपोश डकैतों ने ढाई घंटे तक खंगाला घर गुस्से में लोग बाजार बंद



**मथुरा।** सुरीर क्षेत्र में गुरुवार रात नकाबपोश बदमाशों ने ऐसा तांडव मचाया कि पूरे इलाके में दहशत फैल गई। कस्बा टैंटीगांव में रात साढ़े 12 बजे पांच बदमाशों ने एक परिवार को बंधक बनाकर लाखों की डकैती को अंजाम दिया। हथियारों से लैस बदमाश पूरी तैयारी के साथ आए थे। घटना से लोगो में आक्रोश है। दुकानदारों ने बाजार को बंद रख विरोध जताया है। सुरीर के कस्बा टैंटीगांव में अजय अग्रवाल परचून की दुकान करते हैं। घर में ही उनकी दुकान बनी हुई है। गुरुवार रात साढ़े 12 बजे पांच नकाबपोश बदमाश छत के रास्ते घर में घुसे। उन्होंने जाल हटाकर सीधे उनके घर में प्रवेश किया। अंदर मौजूद सभी लोगों को अपने कब्जे में ले लिया। बदमाशों ने अजय अग्रवाल, उनके पिता प्रेम प्रकाश अग्रवाल, पत्नी अनीता अग्रवाल और छह वर्ष की मासूम बच्ची उमा को रस्सियों से बांध दिया। इसके बाद करीब ढाई घंटे तक घर में खुलकर लूटपाट की।

## डंपर ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मारी टक्कर, चार की मौत, 17 घायल

**मुरादाबाद।** मैनाठेर थाना क्षेत्र में संभल-मुरादाबाद हाईवे पर असदपुर पुलिया के पास शुक्रवार सुबह छह बजे डंपर ने ट्रैक्टर ट्रॉली में टक्कर मार दी। इस हादसे में ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार अजीत (10), सृष्टि, शांति देवी (55) और सुमन (30) की मौत हो गई जबकि 14 लोग घायल हो गए। हादसे के समय ट्रैक्टर ट्रॉली में सवार महिलाएं और पुरूष 'भात न्योत' कर अपने घर लौट रहे थे। पुलिस के मुताबिक, संभल के कैलादेवी थाना क्षेत्र के भटोला गांव निवासी उषा पत्नी नरेश की बेटी की पांच दिन बाद शादी है। उषा अपने परिवार की महिलाओं के साथ गुरुवार की रात अपने मायके मैनाठेर के गुरेर गांव में अपने भाई तेज प्रकाश और सतीश के घर निमंत्रण देने आयी थी।

## इशरत जहां की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस की अपील खारिज

**दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने पूर्व कांग्रेस पार्षद इशरत जहां की जमानत के खिलाफ दिल्ली पुलिस की अपील खारिज कर दी। यह मामला 2020 के दिल्ली दंगों की कथित बड़ी साजिश से संबंधित है। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति रविंदर दूडेजा की खंडपीठ ने यह फैसला सुनाया। पीठ ने पाया कि जमानत मिलने के बाद चार साल से अधिक समय बीत चुका है। इस दौरान जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन करने का कोई आरोप नहीं है। अदालत ने कहा कि वह पहले के जमानत आदेश में हस्तक्षेप करने को इच्छुक नहीं है। इशरत जहां को मार्च 2022 में दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश के मामले में जमानत मिली थी। इसी आधार पर अदालत ने दिल्ली पुलिस की अपील को खारिज कर दिया।

## माइनस बैलेंस के बाद भी 30 दिन तक नहीं कटेगा कनेक्शन

**लखनऊ।** प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत उपभोक्ताओं को स्मार्ट प्री पेड मीटर के कारण हो रही परेशानी से बड़ी राहत दी है। मंत्री ने कम लोड वाले घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बिजली विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि एक किलोवाट तक के विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का यदि बैलेंस नेगेटिव भी हो जाए, तब भी 30 दिनों तक उनका कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है।

# अब अंतिम चरण की जंग

## बुझता दीया बहुत फड़फड़ाता है : मोदी

## बंगाल से भगाएंगे, दिल्ली से भी उखाड़ फेंकेगे : ममता

जनमुख डेस्क

**नई दिल्ली।** बंगाल में पहले चरण के चरण के चुनाव के बाद अब अंतिम चरण के लिए मुहंजोरी जारी है। भाजपा और टीएमसी दोनों ही अपने-अपने जीत का दावा कर रही हैं। इसके साथ ही एक दूसरे को नीचा दिखाने और खुद सबसे बेहतर साबित करने की होड़ में एक से बढ़कर एक बयानबाजियां सामने आ रही हैं। इसी क्रम में आज शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के दमदम में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने वाला है। बुझता दीया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है। पीएम ने महिला आरक्षण पर कहा कि भाजपा बेटियों के सपने कुचलने नहीं देगी। महिलाओं की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता होगी। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा कि 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। बंगाल का



अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा। शाह ने कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद जो फीडबैक मिला है, उसके अनुसार बंगाल के लोगों ने अपने भविष्य का फैसला कर लिया है। अमित शाह ने बताया कि 16 जिलों की 52 सीटों पर हुए मतदान में करीब 92.98 प्रतिशत वोटिंग हुई है, जिसे उन्होंने ऐतिहासिक बताया। उन्होंने दावा किया कि इस भारी मतदान से यह संकेत मिलता है कि राज्य में बदलाव की लहर चल रही है। शाह ने यह भी कहा कि पार्टी की आंतरिक समीक्षा के अनुसार आने वाले चुनावी परिणामों में बड़ी जीत की संभावना है। वहीं टीएमसी प्रमुख पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) पर तीखा हमला बोलते हुए दावा किया है कि राज्य विधानसभा चुनावों

● अमित शाह ने कहा भय जाएगा और भरोसा आएगा

में जीत हासिल करने के बाद वह दिल्ली को भी जीत लेंगी। गुरुवार को चौरंगी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि वह सभी विपक्षी दलों को एकजुट करके केंद्र में बीजेपी को खत्म कर देंगी। उन्होंने कहा कि मैंने उन सभी लोगों के नाम लिख लिए हैं जो BJP के लिए दलाल का काम कर रहे हैं—ए से लेकर जेड तक, और उनके घरों की जगह भी। तो, आपको लगता है कि आप हम पर नज़र रख सकते हैं? आपने जिस भी व्यक्ति को पार्टी में शामिल किया है, उसे बीजेपी में लाने से पहले उसके पारिवारिक पृष्ठभूमि की पूरी जाँच-पड़ताल की है, और अधिकारियों की नियुक्ति भी आपने उसी आधार पर की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरा जन्म बंगाल में हुआ था, और मैं अपनी आखिरी सांस भी इसी बंगाल में लूंगी। मैं दिल्ली को जीतूंगी, इस बात का पूरा भरोसा रखना एक बार जब मैं बंगाल में जीत हासिल कर लूंगी, तो मैं सभी राजनीतिक पार्टियों को एक साथ लाकर ऐसा करूंगी। मुझे सत्ता की कुर्सी का कोई लालच नहीं है; मेरी बस यही इच्छा है कि दिल्ली में BJP को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए। बंगाल में उनका खत्म होना तो तय है ही, लेकिन बीजेपी को दिल्ली से भी बाहर निकालना होगा। इस बात को दिमाग में अच्छी तरह बिठा लो। इस दौरान कांग्रेसी खेमे में खामोशी देखी जा रही है। कांग्रेसी नेता और प्रत्याशी चुप्पी साधे बैठे हैं। उधर से किसी तरह का कोई दावा नहीं किया जा रहा है। कमोबेश ऐसी ही स्थिति हुमायूं कबीर की पार्टी की भी देखी जा रही है। लब्बोलुआब ये कि फिलहाल बंगाल में टीएमसी और भाजपा ही अपने आप को जीता हुआ मानकर अगले चरण के लिए जोर-आजमाइश कर रही है।

## बंगाल में 65 चुनाव अधिकारियों का नाम कटा

● फरियाद लेकर पहुंचे बड़ी अदालत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर एक बड़ा विवाद सामने आया है। चुनाव ड्यूटी पर तैनात 65 अधिकारियों के नाम ही मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। इससे नाराज इन अधिकारियों ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की



है। दरअसल, चुनाव आयोग के आदेश पर बंगाल में मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया गया था। इस कवायद में पूरे राज्य से 90.8 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से काट दिए गए। हैरानी की बात यह है कि चुनाव संपन्न कराने वाले 65 अधिकारियों के नाम भी इस सूची से गायब हैं। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ वकील शमशाद ने कोर्ट में कहा, 'ये 65 अधिकारी चुनाव ड्यूटी पर हैं। इनके ड्यूटी आर्डर पर वोटर आइडी नंबर भी दर्ज हैं, लेकिन अब वो नंबर ही डिलीट कर दिए गए हैं। जो लोग चुनाव करवा रहे हैं, वही वोट नहीं डाल पाएंगे। यह कैसा फैसला है? नाम हटाने की वजह तक नहीं बताई गई।' मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, 'अपनी दलीलें अपीलीय ट्रिब्यूनल के सामने रखें।' जस्टिस बागची ने कहा 'ट्रिब्यूनल उचित आदेश देगा। इस चुनाव में शायद ये वोट न दे पाएं, लेकिन मतदाता सूची में बने रहने का इनका ज्यादा महत्वपूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।'

## पवन खेड़ा की मुश्किलें बढ़ीं

● पासपोर्ट विवाद में अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को एक और बड़ा झटका लगा है। गुवाहाटी हाई कोर्ट ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी पर की गई, उनकी टिप्पणियों को लेकर दर्ज एक आपराधिक मामले में उनकी अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज कर दी है। कांग्रेस के मीडिया और प्रचार विभाग के अध्यक्ष खेड़ा ने आरोप लगाया था कि, मुख्यमंत्री की पत्नी रिंकी भुयान सरमा के पास कई पासपोर्ट और विदेश में अघोषित संपत्तियां हैं। इस महीने की शुरुआत में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया था कि उनके पास UAE, मिस्त्र और एंटीगुआ-बारबुडा के तीन पासपोर्ट, दुबई में दो संपत्तियां और शेल कंपनियों में संपत्तियां हैं। बताते चलें कि सुप्रीम कोर्ट ने भी इसी मामले में 15 अप्रैल को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को दी गई, एक हफ्ते की ट्रांजिट बेल पर रोक लगा दी थी।

## किस आधार पर मदरसों की जांच की गयी


● आतंकवादी निरोधी दस्ते से करायी गयी थी पड़ताल

### हाइकोर्ट का सूबे की सरकार से जवाब तलब

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने प्रदेश के मदरसों की आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) द्वारा जांच कराने के आदेश पर जवाब तलब किया है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वह उस आधार को स्पष्ट करे, जिसके तहत एटीएस को इन शिक्षण संस्थानों की जांच



करने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा और न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने टीचर्स एसोसिएशन मदारिस अरबिया व अन्य प्रबंध समितियों की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया। याचिकाकर्ताओं ने आइजी एटीएस द्वारा नौ दिसंबर 2025 को जारी उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें प्रदेश के मदरसों की जांच एटीएस से कराने को कहा गया था। तर्क है कि राज्य के मदरसे उत्तर प्रदेश बोर्ड आफ मदरसा एजुकेशन एक्ट 2004 और 2016 की नियमावली के तहत कानूनी रूप से संचालित हो रहे हैं। ऐसे में अचानक एटीएस जांच का आदेश देना उनके अधिकारों का हनन है।




# होर्मुज में अमेरिकी नौसेना ने झोंकी ताकत

● कोई भी समझौता होने तक नाकेबंदी जारी रहेगी

## ट्रंप ने भेजा तीसरा विमान वाहक युद्धपोत USS बुश

**दुबई।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर 'पूर्ण सैन्य वर्चस्व' का दावा करते हुए क्षेत्र में तीसरे विमानवाहक पोत की तैनाती की पुष्टि की है। USS जॉर्ज एच.डब्ल्यू. बुश (CVN 77) अब हिंद महासागर और मध्य-पूर्व के रणनीतिक जलक्षेत्र में पहुंच चुका है, जिससे ईरान पर दबाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इसके साथ ही इस इलाके में तैनात अमेरिकी विशाल युद्धपोतों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जब तक ईरान कोई समझौता नहीं करता, तब तक अमेरिका स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए रखेगा। उन्होंने साफ कहा कि इस अहम तेल मार्ग को दबाव बनाने के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने कहा, इस पर हमारा पूरा नियंत्रण है। यह रास्ता तभी खुलेगा जब वे कोई समझौता करेंगे या फिर कोई और सकारात्मक स्थिति बनेगी। ईरान के साथ समझौते को लेकर ट्रम्प ने कहा कि कोई भी डील तभी होगी जब वह अमेरिका के हित में होगी। इस मामले में कोई तय समय सीमा नहीं है और वह जल्दबाजी में फैसला नहीं करेंगे। ईरान के खिलाफ परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। (नॉन-न्यूक्लियर) हमलों से ही ईरान को पहले ही भारी नुकसान पहुंचाया जा चुका है, इसलिए परमाणु हथियारों की जरूरत नहीं है।

### ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन, पार्टी के 10 सांसद विरोध में

**वॉशिंगटन।** ट्रम्प ईरान को बार-बार सीजफायर की मोहलत देकर वार्ता को उतावले हो रहे हैं। परदे के पीछे इसका एक बड़ा सियासी गणित है, जो उन्हें सता रहा है। ट्रम्प संसद (सीनेट) की मंजूरी से कतरा रहे हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रम्प ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया। अब 1 मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है।

### कच्चे तेल की कीमतों में उछाल

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में शुक्रवार को जोरदार तेजी दर्ज की गई। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, सप्लाई बाधित होने की आशंका और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी अनिश्चितता के कारण वैश्विक बाजार में तेल करीब दो प्रतिशत तक चढ़ गया। अमेरिका की ओर से एकतरफा युद्धविराम घोषणा के बावजूद निवेशकों की चिंता कम नहीं हुई और बाजार में उतार-चढ़ाव बना रहा।

जनमुख City लाइव हिन्दी दैनिक
● तापमान अधिकतम : 43.1°C
● तापमान न्यूनतम : 24.0°C
● सूर्योदय : 05.29
● सूर्यास्त : 06.34
वाराणसी, 24 अप्रैल, शुक्रवार, 2026 (3)







# बगीचे में मिली वृद्ध की लाश

## बीएलडब्ल्यू में रहने वाले अपने पैतृक गांव गए थे गेंहू की मड़ाई कराने



● संदिग्ध परिस्थिति में शव मिलने से सदमे में परिजन

● मौत की वजह तलाशने में जुटी पुलिस

**वाराणसी।** कपसेठी थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजे 60 वर्षीय एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर इकट्ठा हो गए और पुलिस को इसकी जानकारी दी। मृतक की पहचान अर्जुनपुर निवासी राजेंद्र दुबे 60 वर्ष के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, राजेंद्र दुबे पिछले लगभग 30 वर्षों से वाराणसी के बीएलडब्ल्यू क्षेत्र में अपने परिवार के साथ निवास कर रहे थे। लगभग 10 दिन पहले उन्होंने घर से निकलते समय कहा था कि वह अपने पैतृक गांव अर्जुनपुर में गेहूं की मड़ाई कराने जा रहे हैं, लेकिन उसके बाद से वह वापस नहीं लौटे। शुक्रवार सुबह उनका शव गांव के एक आम के बगीचे में संदिग्ध परिस्थितियों में पाया गया, जिससे परिजनों में मातम पसर गया। कपसेठी पुलिस ने सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर शव का निरीक्षण किया और उसे कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने शव के पास से आधार कार्ड, दो मोबाइल फोन, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल चार्जर और लगभग 3000 रुपये नगद बरामद किए हैं। मृतक अपने पीछे दो पुत्र और दो पुत्रियों का परिवार छोड़ गए हैं। उनकी पत्नी निर्मला देवी का निधन वर्ष 2024 में हो चुका है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृत्यु के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। इस घटना ने गांव में चिंता और भय का माहौल पैदा कर दिया है। राजेंद्र दुबे की अचानक मृत्यु ने उनके परिवार और गांव के लोगों को गहरे सदमे में डाल दिया है। पुलिस की तत्परता और जांच की प्रक्रिया पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## 25 मई से दो जून तक तपाएगा नौतपा

●18 जून तक दस्तक दे सकता है मानसून

**वाराणसी।** अब गर्मी के चरम यानी नौतपा की माह भर के बाद तैयारी है। इस बार 25 मई से दो जून तक नौतपा का असर वातावरण में होगा। इसके बाद प्री मानूसनी सक्रियता का दौर शुरू हो जाएगा और 18 जून के आसपास पूर्वांचल में सोनभद्र के रास्ते मानसून भी दस्तक देगा। नौतपा, जो कि भारतीय मौसम विज्ञान में एक महत्वपूर्ण अवधि मानी जाती है, इस वर्ष 25 मई से प्रारंभ होकर 2 जून तक चलेगी। इस दौरान तापमान में वृद्धि की संभावना है।

## चौराहों पर ग्रीन शेड रथयात्रा से शुरुआत



●ट्रैफिक सिग्नल पर जाम में फंसने वालों को राहत देने की क़वायद

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** राहगीरों और वाहन चालकों को चिलचिलाती धूप से बचाने के लिए नगर निगम ने एक अनूठी पहल की है। शहर के प्रमुख चौराहों और गंगा घाटों पर अब 'हरा पर्दा' (ग्रीन शेड) लगाया जा रहा है, जिससे तीखी धूप सीधे राहगीरों तक न पहुंच सके। निगम की इस मुहिम की शुरुआत रथयात्रा चौराहे से की है। मुख्य अभियंता आरके सिंह ने बताया कि शहर के व्यस्त चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल पर रुकने वाले लोगों को गर्मी से बेहाल होना पड़ता है। इसे देखते हुए लहुराबीर, मलदहिया (पटेल जी की मूर्ति के पास) और दशाश्वमेध जैसे प्रमुख चौराहों के साथ-साथ गंगा घाटों पर भी ग्रीन शेड लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह हरा पर्दा न केवल छाया प्रदान करेगा, बल्कि लू के थपेड़ों से भी सुरक्षा कवच की तरह काम करेगा। निगम की ओर से शहर के अलग-अलग इलाकों में 17 स्थानों पर आधुनिक वाटर कूलर और 22 स्थानों पर प्याऊ लगाया गया है।

## एक ही रोल नंबर पर दो छात्रों ने दी परीक्षा

**वाराणसी।** सेंट्रल हिंदू स्कूल (सीएचएस) की कक्षा 11 प्रवेश परीक्षा में बड़ी गड़बड़ी सामने आई है। परीक्षा के दौरान एक ही रोल नंबर पर दो अलग-अलग छात्र परीक्षा देते पाए गए। उज्जवल कुमार (पिता मुन्ना राम) की जगह कोई अन्य छात्र परीक्षा देता हुआ पकड़ा गया। वहीं, दिव्यांशु सोनकर (पिता राम जी सोनकर) के नाम पर भी किसी दूसरे छात्र के परीक्षा देने की पुष्टि हुई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए विश्वविद्यालय के सुरक्षा अधिकारियों ने दोनों संदिग्ध छात्रों को पूछताछ के लिए लंका थाना भेज दिया है, जहां उनसे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इस घटना के चलते वास्तविक छात्र परीक्षा से वंचित रह गए।

## सेवापुरी में मुफ्त दी जाने वाली टीबी की दवाएं फेंकी मिलीं

**वाराणसी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेवापुरी में महंगी एमडीआर टीबी दवाओं की बर्बादी का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। केंद्र के पुराने भवन के बारजे के नीचे टीबी की दवाएं फेंकी हुई मिलीं, जिन पर निर्माण वर्ष 2024 और एक्सपायरी 2027 स्पष्ट रूप से दर्ज है। इसका अर्थ है कि ये दवाएं अभी भी उपयोग योग्य थीं। फेंकी गई दवाओं में आइसोनियाजिड टेबलेट, लिंजोलीड टेबलेट और पैराडाक्सिन टेबलेट शामिल हैं। ये दवाएं मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट (एमडीआर) टीबी के मरीजों के इलाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

# जटिल रोगों से बचने के लिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण जरूरी

●कैंसर व एंडोमेट्रियोसिस पर किया जागरूक



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** वाराणसी ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायने कोलॉजिकल सोसाइटी (वीओजीएस) तथा हेल्थ स्कैन प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में कैंटोमेंट स्थित एक होटल में रविवार को महिलाओं के स्वास्थ्य विषयक पर महिलाओं में कैंसर एवं एंडीमेट्रियोसिस सतत् चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डा. अनुराधा खन्ना, डा.एल.के. पाण्डेय एवं सुलेखा पाण्डेय उपस्थित रहीं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञों की संगठन की अध्यक्ष डा. शालिनी टंडन ने महिलाओं को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने और समय पर उपचार लेने के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर उचित उपचार से गंभीर रोगों की जटिलताओं से बचा सकता है। इस अवसर पर डा. स्मिता चंद्रा ने महिलाओं में कैंसर के प्रारंभिक लक्षण के साथ बचाव के उपाय बताए। उन्होंने आधुनिक उपचार पद्धतियों तथा एंडोमिट्रियोसिस के प्रभाव, पहचान और उपचार पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम को मुख्य रूप से डा. रश्मि सिंह, एआईआईएमएस नयी दिल्ली से स्वर्ण पदक प्राप्त व हेल्थ स्कैन की निदेशक आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में चिकित्सकों व प्रतिभागियों ने भागीदारी की।

## अग्रवाल समाज का तीन दिवसीय जांच शिविर आज से शुरू

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** अग्रसेन अग्रवाल समाज के सहयोग से 24,25,26 अप्रैल को प्रातः 9:00 बजे से शाम 7:00 तक दुर्गाकुंड स्थित कबीर कॉम्प्लेक्स परिसर में अपोलो डायग्नोसिस द्वारा सभी प्रकार के टेस्ट पर 75 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटर अंशुमान अग्रवाल ने बताया कि कई प्रकार के जांचों को निःशुल्क किया जाएगा। जैसे शुगर, यूरिक एसिड, कैल्शियम, ब्लड प्रेशर आदि शामिल है। इस सेवा का लाभ लेने के लिए '6394173433' नंबर पर पंजीकरण भी होगा। तीन दिवसीय शिविर में अमृत अग्रवाल, अनुभव यादव, गोलू केसरवानी, विकास साहू, विक्की आदि लोग अपनी सेवा देंगे।

# गोपी राधा की छात्रा श्रेयांसी जनपद की टॉपर

## विद्यालय का परीक्षा परिणाम 98 प्रतिशत



●डायरेक्टर ने की छात्रवृत्ति देने की घोषणा प्रधानाचार्या ने दी बधाई

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** गोपी राधा बालिका इंटर कॉलेज की हाईस्कूल की छात्रा श्रेयांशी पाण्डेय ने जिले की टॉपर सूची में शामिल होकर विद्यालय का नाम रौशन किया है। गोपी राधा की अंग्रेजी माध्यम की छात्रा श्रेयांशी पाण्डेय को 600 में 567 अंक प्राप्त करते हुए 94.5 प्रतिशत के साथ जिले में नौवां स्थान मिला। यह छात्रा अशासकीय सहायता प्राप्त बालिका विद्यालयों में अकेली टॉपर है। इसके अलावा श्रेयांशी ने गणित विषय में शत प्रतिशत (सौ में से सौ) अंक प्राप्त किया है। मेधावी छात्रा श्रेयांशी को स्कूल की प्रधानाचार्या नीति जायसवाल ने बधाई दी। वहीं निदेशिका डा. शालिनी शाह ने उक्त छात्रा को छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी स्मृति साह व उप निदेशिका सलोनी शाह ने मेधावियों को सम्मानित किया। वहीं दिशा साहू ने 91.1 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर कीर्ति कपूर ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। विद्यालय की तीनों टॉपर अंग्रेजी माध्यम की छात्राएं हैं। इसके अलावा कक्षा 10 व 12 में 98 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता हासिल की है। कक्षा 10 में कुल 193 छात्राओं में 190 ने सफलता हासिल की वहीं इण्टरमीडिएट में कुल 228 में 190 छात्राओं को सफलता मिली। इण्टरमीडिएट में ओवरआल टॉपर कला वर्ग की नंदिनी कुमारी गुप्ता 85.2 प्रतिशत अंक पाकर सभी वर्गों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशी ने 83.8 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे एवं आनंदी जायसवाल व खुशी खरवार ने संयुक्त रूप से 83.2 अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## दालमंडी की मस्जिद मीर नादे अली में मजलिस याद किए गए रहबर

**वाराणसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर पूरी दुनिया के शिया मुसलामानों के रहबर थे। 28 अप्रैल को अमेरिका के हमले में उनकी शहादत के बाद पूरी दुनिया में प्रोटेस्ट हुआ। इंडिया में भी शिया मुसलमानों ने प्रोटेस्ट किया। वहीं अब जबकि ईरान और अमेरिका के बीच सीज फायर हो चुका है। आयतुल्लाह खामेनाई की याद में जगह-जगह मजलिसों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वाराणसी के दालमंडी से सटे चहमामा मोहल्ले में स्थित शिया मस्जिद मीर नादे अली में आयतुल्लाह अली खामेनाई की याद में मजलिस का आयोजन किया गया। गुरुवार देर रात तक चली इस मजलिस का आयोजन अंजुमन हैदरी चौक बनारस ने किया था। मजलिस को मौलाना सैयद युसूफ मशहदी ने खेताब किया। उन्होंने कहा आयतुल्लाह सैयद अली खामेनाई की शहादत ने ईरान को खत्म करने के बजाए दुनिया के आगे और बलन्द किया है। इस मजलिस के बारे में अंजुमन के अध्यक्ष अब्बास मुर्तुजा शम्सी और सेक्रेटरी नायब रजा ने जानकारी दी।




## रेलवे की अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता

# सेमीफाइनल में परिचालन विभाग ने बाजी मारी विद्युत विभाग ने दी प्रशासन को शर्मनाक शिकस्त

● अनिल यादव मैन ऑफ द मैच

● फाइनल मैच होगा 25 अप्रैल को



**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देशन में एवं मंडल क्रीड़ा अधिकारी बलेन्द्र पाल के नेतृत्व में वाराणसी मंडल क्रीड़ा स्थल में चल रही अंतर विभागीय ग्रीष्मकालीन टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को पहला और प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल प्रशासन और विद्युत सामान के बीच खेला गया और दूसरा मैच दो बजे से प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन एवं यांत्रिक विभाग के बीच खेला गया । पहला सेमीफाइनल मैच परिचालन विभाग ने 49 रनों से जीत कर फाइनल में स्थान सुरक्षित किया जबकि विद्युत विभाग ने 09 विकेट से जीत हासिल कर दूसरे सेमीफाइनल में जगह बनाई । इसके पूर्व टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में आज प्रथम पाली में प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल मैच प्रशासन और विद्युत विभाग के बीच खेला गया। 139 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए विद्युत विभाग की टीम ने 12 ओवर में एक विकेट पर 142 रन बनाकर 9 विकेट से मैच जीत कर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। विद्युत विभाग के अनिल यादव को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर पुष्पेंद्र वैष के द्वारा दिया गया। इसी क्रम में शुक्रवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच रेलवे सुरक्षा बल और विद्युत विभाग के बीच खेला जाएगा जिसकी विजेता टीम 25 अप्रैल, 2026 को फाइनल में परिचालन विभाग से मैच खेलेगी।

जनमुख परामर्श मंडल

एस. कुमार
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

संतोष अग्रवाल हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

श्रीनारायण खेमका
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

वी.के.जैन
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

डा. एस.के.पाठक
वरिष्ठ चिकित्सक

डा. नीलम ओहरी
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'

समाचार सम्पादक
सरोज सिन्हा

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544
Email :
janmukh.vns@gmail.com

## चंदौली समाचार

### हाईस्कूल में दीपशिखा, हिमांशु ने किया टॉप



**चंदौली।** चहनियां में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित हो गए हैं। रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज की छात्रा दीपशिखा यादव ने जनपद में चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्र हिमांशु मौर्या ने छठा स्थान हासिल किया। इसीक्रम में, बाल्मीकि इंटर कॉलेज के छात्र अनुराग विश्वकर्मा ने 95.16 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मां खंडवारी देवी इंटर कॉलेज की छात्रा साक्षी सिंह ने भी 92 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन शानदार परिणामों के बाद संबंधित विद्यालयों में खुशी का माहौल देखा गया। छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर इस सफलता का जश्न मनाया। मां खंडवारी देवी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. आशुतोष कुमार सिंह और बाल्मीकि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र तिवारी ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इसे छात्रों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम बताया। बाबा कीनाराम इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य विपिन कुमार सिंह ने भी दीपशिखा और हिमांशु को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## भदोही समाचार

### रेललाइन पार कर रहे युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**जंगीगंज।** गोपीगंज कोतवाली के महुआरी गांव निवासी कुंदन हरिजन (25) पुत्र बाल केशव की बृहस्पतिवार को ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सराय जगदीश रेलवे स्टेशन के पास रेललाइन पार करते समय गाड़ी संख्या 15004 की चपेट में आने से उसने दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कुंदन हरिजन (25) पुत्र बाल केशव निवासी महुआरी थाना गोपीगंज, बृहस्पतिवार को किसी काम से रेललाइन पार कर दूसरे गांव जा रहा था।

इस दौरान रेलवे स्टेशन सराय जगदीश के पास मालगाड़ी की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## मऊ समाचार

### लंच कर घर से स्कूल जा रही बच्ची की मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली से कुचलकर मौत



**मऊ।** मधुबन थाना क्षेत्र के कुंवरपुरवा गांव में बृहस्पतिवार की सुबह करीब 11 बजे मिट्टी लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली से कुचलकर डिंपल (6) की मौत हो गई। वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। वह लंच कर घर से स्कूल जा रही थी तभी हादसा हो गया। पिता रामप्रवेश ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। रामप्रवेश ने बताया कि उनकी इकलौती बेटी डिंपल इसी शिक्षा सत्र से घर से 100 मीटर दूर स्थित प्राथमिक विद्यालय में पढ़ने जाती है। अभी उसका नामांकन नहीं हुआ है, केवल आदत डालने के लिए आती-जाती थी। बृहस्पतिवार की सुबह वह काम पर चले गए थे। लंच होने पर वह खाना खाने घर आई थी। दोबारा स्कूल जाते समय मिट्टी लेकर जा रहे ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया।

दुर्घटना के बाद ग्रामीणों के शोर मचाने पर चालक वाहन छोड़कर भाग गया। डिंपल की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर सीओ अंजनी कुमार पांडेय, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह पुलिस बल के साथ कुंवरपुरवा पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को जिला अस्पताल भेजवाया।

आरोपी ट्रैक्टर चालक कुंवरपुरवा गांव का ही निवासी है। डिंपल के परिजन और पुलिस उसके घर पहुंचे, लेकिन वह वहां नहीं मिला।

## देवरिया समाचार

### एसडीएम ने फार्मर रजिस्ट्री के बारे में ली जानकारी

**बरहज।** फार्मर रजिस्ट्री के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बृहस्पतिवार को एसडीएम हरिशंकर लाल और तहसीलदार अरुण कुमार ने कर्मचारियों की ओर से कराए जा रहे फार्मर रजिस्ट्री का फीडबैक लिया। कपरवार में शिथिलता पर उन्होंने कर्मचारियों से वजह पूछी और काम में तेजी लाने का निर्देश दिया। दोपहर बाद करीब ढाई बजे एसडीएम अन्य अधिकारियों के साथ देवपार, बरांव, दुबौली, महेन आदि जगहों पर फार्मर रजिस्ट्री की औचक जांच किए। कपरवार में कार्य में धीमी प्रगति मिलने पर उन्होंने नाराजगी जताई। कई जगह कर्मचारी तेज धूप होने का हवाला दे रहे थे। मौके पर एडीओ पंचायत मदनमोहन पाठक, एडीओ एजी देवेश चंद्र सिंह, प्रहलाद गुप्त आदि मौजूद रहे।

## बलिया समाचार

### मुंडन संस्कार में आए चार किशोर नहाते समय गंगा में डूबे

**बलिया।** शहर शिवरामपुर गंगा घाट पर बृहस्पतिवार को मुंडन संस्कार के लिए दौरान नहाते समय हादसा हो गया। सनी पटेल (15) निवासी भूसेरी देवरिया, कृष्णा वर्मा (17) निवासी सिवन टोला, अजय खरवार (17) निवासी जनाड़ी, बलवंत वर्मा (17) निवासी शीतल दवनी डूब गए। चार किशोरों के डूबने की सूचना पर घाट से पुलिस ने लोगों को जल्द मुंडन संस्कार कराकर हटाया। पुलिस ने स्थानीय नाविक की सहायता से चारों किशोरों की तलाश शुरू की। शाम तक किशोरों का पता नहीं चला।

देवरिया के भूसेरी गांव निवासी राजन पटेल ने बताया कि बेटा सनी पटेल सिकंदरपुर थाना के जमुई गांव निवासी अपने मामा के बेटे के मुंडन संस्कार में शिवरामपुर घाट पर गया था। परिजनों के साथ सन्नी अपने एक दोस्त के साथ स्नान कर रहा था। पास में नहा रहे लोगों ने उसके दोस्त को बचा लिया। सन्नी गहरे पानी में चला गया। वहीं, दूसरी तरफ दुबहड़ थाना क्षेत्र के जनाड़ी निवासी शिवजी वर्मा के घर से मुंडन संस्कार करने लोग शिवरामपुर घाट पर पहुंचे थे। इसमें शामिल शिवजी के रिश्तेदार बैरिया के शिवन टोला निवासी सत्येंद्र वर्मा के बेटे कृष्णा वर्मा (17), बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के शीतल दवनी निवासी बलवंत वर्मा (17), दुबहड़ थाना क्षेत्र के घोड़हरा निवासी संगम वर्मा (18) और जनाड़ी निवासी अजय खरवार का बेटा अमन खरवार (17) स्नान करते समय गहरे पानी चला गया। आसपास मौजूद लोगों ने संगम को तो बचा लिया, लेकिन अन्य तीन गहरे पानी में जाकर डूब गए। सूचना मिलने पर एसडीएम सदर, सीओ सिटी मो. उस्मान, कोतवाल क्षितिज त्रिपाठी गंगा घाट पर जाकर मामले की जानकारी ली।

## गाजीपुर समाचार

### परीक्षा की तैयारियां का डीएम-एसपी ने लिया जायजा

**मरदह।** उत्तर प्रदेश होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा ने संयुक्त रूप से शांति निकेतन इंटर कॉलेज, बरही स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि परीक्षा को सुचितापूर्ण, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण कराने के उद्देश्य से केंद्र की व्यवस्थाओं का स्थलीय जायजा लिया गया। इस दौरान सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, स्ट्रांग रूम, प्रवेश व निकास द्वारों की सुरक्षा व्यवस्था तथा चहारदीवारी की स्थिति की जांच की गई। अधिकारियों ने केंद्र व्यवस्थापक को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखी जाए और जीरो टॉलरेंस नीति का पालन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही परीक्षार्थियों के लिए पेयजल, प्रकाश एवं बैठने की समुचित व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया।

## सोनभद्र समाचार

### लू ( हीट स्ट्रोक ) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी



**सोनभद्र।** अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 श्री वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती। सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानींय मौसम के पूर्वानुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रगं के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें।

## आजमगढ़ समाचार

### दो बाइक की टक्कर में जेसीबी चालक की मौत, साथी घायल

**बलरामपुर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हेतूगंज बाजार के पास बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे दो बाइकों की आमने-सामने भिडंत हो गई। इसमें अहरौला थाना क्षेत्र के करनपुर इटौरा गांव निवासी जेसीबी चालक दीपक (30) की मौत हो गई, जबकि उसका साथी विषईपुर थाना अहरौला निवासी गुलशन (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। भाई दिवाकर ने बताया कि बुधवार की सुबह दीपक की पत्नी निशा अपने भाई को देखने के लिए मायके गई थी। दोपहर में दीपक अपने मित्र गुलशन के साथ बाइक से अपनी ससुराल महाराजगंज थाना क्षेत्र के मनरेपुर गांव गया था। रात में दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। लगभग 9:30 बजे जब वे कप्तानगंज थाना क्षेत्र के हेतूगंज बाजार के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से भाग गए।

## प्रयागराज समाचार

### गर्मी ने बरपाया कहर, पारा 44.4, उत्तर प्रदेश में प्रयागराज सबसे गर्म जिला



**प्रयागराज।** भीषण गर्मी के चलते बृहस्पतिवार को 44.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ प्रयागराज उत्तर प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा है। ऐसे में एक हफ्ते के भीतर यह दूसरा मौका है, जब प्रयागराज प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। ऐसे में जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। चढ़ते तापमान के साथ मानो गर्मी कहर बरपा रही हो। चिलचिलाती धूप और गर्म हवाएं और भट्टी की तरह धधकती सड़क लोगों के मन में डर बैठा रही थी। सुबह सात बजे के बाद ही धूप लोगों को चुभने लगी। ऐसे में दिन चढ़ने के साथ तापमान में भी बढ़ोत्तरी दर्ज की गई। जिसकी वजह से दोपहर एक बजे के बाद सड़कों पर सन्नाटा पसरने लगा। ऐसे में कई लोगों ने घर रहना ही बेहतर समझा। इतना ही नहीं रात के समय भी गर्म हवाएं लोगों का चैन छीन रही थीं। वहीं मौसम विभाग का कहना है कि अभी तीन दिनों तक भीषण गर्मी का प्रकोप जारी रहेगा। ऐसे में 25 व 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक जाने की संभावना है। हालांकि 26 अप्रैल के बाद पश्चिमी विक्षोम की वजह से बूंदा-बांदी की संभावना है, जिससे तापमान में थोड़ी गिरावट आने का अनुमान है। प्रयागराज छह दिन के भीतर दूसरी बार प्रदेश में सबसे गर्म जिला रहा। इससे पहले 44.4 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ 19 अप्रैल को प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा। इतना ही नहीं 18 अप्रैल को 44, 20 अप्रैल को 44.6 और 22 अप्रैल को 43.7 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा।

## जौनपुर समाचार

### डीएम ने तहसीलदार पर लगे आरोपों की जांच के लिए गठित की कमेटी

**मछलीशहर।** तहसीलदार के विरुद्ध लगाए गए आरोपों की जानकारी अधिवक्ताओं के शिष्ट मंडल ने जिलाधिकारी को दी। जिलाधिकारी ने दो सदस्यीय जांच कमेंटी गठित कर तत्काल जांच के लिए तहसील भेजा है। जांच कमेटी की रिपोर्ट पर तत्काल कार्रवाई करने का आश्वासन अधिवक्ताओं को दिया है। बृहस्पतिवार को तहसील अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र से मिला।

जिलाधिकारी ने पूरा प्रकरण सुनने के बाद मामले की जांच के लिए सीआरओ और न्यायिक एसडीएम शिव प्रताप को नामित किया। दोनों अधिकारी तहसील परिसर में मामले में जांच करने शाम को आए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव और महामंत्री आलोक विश्वकर्मा को बातचीत के लिए बुलाया गया।

## मीरजापुर समाचार

### प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भाजपा कार्यालय में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता की




**मीरजापुर।** देश के आधी आबादी को न्याय देने के लिए भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन की सरकार कटिबद्ध है।

उक्त विचार जनपद के प्रभारी मंत्री तथा प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भाजपा कार्यालय में पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम जनपद में पिछली रात हुए सड़क हादसे में जान गवाने वाले लोगों के प्रति मैं आत्मीय संवेदना व्यक्त करता हूं तथा इस दुखद घड़ी में डबल इंजन की सरकार उस पूरे पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। सरकार ने मृतकों के लिए दो-दो लाख तथा घायलों के लिए 50-50 हजार के आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। श्री गुप्ता ने कहा कि मैंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया है कि वह पीड़ित परिवार की हर संभव मदद करें। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण पर विपक्ष बेनकाब हो गया है विपक्ष यह नहीं चाहता है कि देश की महिलाओं को राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी मिले इसलिए उन्होंने महिला आरक्षण को पारित होने से रोक दिया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के लोग महिला विरोधी, देश विरोधी और समाज विरोधी कार्य करके अपने पैरों में स्वयं कुल्हाड़ी मार लियाहैं ।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष लाल बहादुर सरोज तथा जनपद की प्रभारी श्रीमती सरोज कुशवाहा, विधायक रत्नाकर मिश्रा, शुचि स्मिता मौर्या, कीर्ति कोल के अतिरिक्त सुनीता शर्मा, सोनम चतुर्वेदी असमा सिंह,पूनम आदि महिलाएं उपस्थित थी

## सुल्तानपुर समाचार

### हाईस्कूल में आदित्य भूषण पांडेय और इंटर में प्रिया मौर्या ने मारी बाजी



**सुल्तानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम में जिले के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रदेश की हाईस्कूल के टॉप-10 लिस्ट में आदित्य भूषण पांडेय ने छठवां, दीपांशी ने आठवां और प्रत्यूषा मिश्रा ने नौवां स्थान प्राप्त किया है। हाईस्कूल में आदित्य भूषण पांडेय और इंटरमीडिएट में प्रिया मौर्या अव्वल रहे। जिले का परीक्षा परिणाम हाईस्कूल में 88.27 प्रतिशत और इंटर में 80.32 फीसदी रहा। हाईस्कूल में जिले के 40,068 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 37,922 ने परीक्षा दी, जिसमें 33501 छात्र-छात्राएं सफल हुए। जिले का सफलता प्रतिशत 88.27 रहा। इंटरमीडिएट में 36835 पंजीकृत छात्रों में से 35019 ने परीक्षा दी, जिनमें 28129 सफल घोषित हुए। जिले का पास प्रतिशत 80.32 रहा। हाईस्कूल में जिले के टॉपर कादीपुर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, झारखंड के छात्र आदित्य भूषण पांडेय ने 600 में 581 अंक हासिल कर प्रदेश में छठवां स्थान प्राप्त किया है। दूसरे स्थान पर रामदुलारी शारदा प्रसाद इंद्रभद्र सिंह बालिका इंटर कॉलेज मझवारा धनपतगंज की दीपांशी रहीं, जिन्होंने 600 में 579 अंक हासिल किया। उन्हें प्रदेश में आठवीं रैंक हासिल हुई। तीसरे नंबर पर सरस्वती विद्या मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज झारखंड कादीपुर की प्रत्यूषा मौर्या ने 600 में 578 अंक प्राप्त किया।

वहीं, इंटरमीडिएट में जिले की टॉपर संकट मोचन इंटर कॉलेज करिया बझना जयसिंहपुर की प्रिया मौर्या ने 500 में 473 अंक हासिल किया। दूसरे स्थान पर इसी विद्यालय की अर्पिता वर्मा रहीं, जिन्होंने 500 में 467 अंक हासिल किए।

## गोरखपुर समाचार

### कूड़े के पहाड़ पर बना राप्ती इको पार्क, 'वेस्ट टू वंडर थीम' पर आधारित

गोरखपुर। जिस जगह को कभी कूड़े का पहाड़ कहा जाता था, आज वही इलाका एक खूबसूरत इको पार्क में बदल गया है। राप्ती नदी के किनारे एकला बांध पर करीब 40 एकड़ जमीन पर बने 'राप्ती इको पार्क' का उद्घाटन गुरुवार को मुख्यमंत्री ने किया और इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह पार्क अब शहरवासियों के लिए एक नया घूमने-फिरने और पिकनिक का आकर्षक केंद्र बन गया है, जहां लोग अपने परिवार, बच्चों और दोस्तों के साथ समय बिता सकते हैं।

**वेस्ट टू वंडर पार्क:** जिसमें कचरे से मोर, शेर, जिराफ और पेड़-पौधों की आकर्षक आकृतियां बनाई गई हैं।

**बच्चों के लिए खास किड्स जोन:** जहां झूले, बैठने की कुर्सियां और सजावट की चीजें भी वेस्ट मटेरियल से तैयार की गई हैं।

**पार्क के बीचों-बीच योग स्थल:** जहां लोग सुबह-शाम प्रकृति के बीच योग कर सकते हैं, इसका छप्पर बांस से बना है, जो ठंडक देता है।

**पर्यटकों के लिए पैडल बोटिंग:** जहां परिवार और दोस्त मिलकर बोटिंग का आनंद ले सकते हैं।


**कैंटीन की सुविधा:** एंट्री पॉइंट पर खाने-पीने के लिए कैंटीन की व्यवस्था।

**शौचालय की सुविधा:** साफ-सफाई के लिए शौचालय की सुविधा।

**वाटिका का संगम:** अलग अलग वाटिका देखने को मिलेगा हरियाली से भरपूर सुंदर वाटिका, जो पार्क की खूबसूरती को और बढ़ाती है। इस पार्क की सबसे खास बात यह है कि यहां 'वेस्ट टू वंडर' थीम पर कई आकर्षण तैयार किए गए हैं। कूड़े और बेकार सामग्री से मोर, शेर, जिराफ और पेड़-पौधों जैसी आकृतियां बनाई गई हैं, जो देखने में बेहद आकर्षक लगती हैं। बच्चों के लिए अलग से किड्स जोन बनाया गया है, जहां झूले, बैठने की कुर्सियां और प्लांट पॉट तक वेस्ट मटेरियल से तैयार किए गए हैं। पार्क के बीचों-बीच एक सुंदर योग स्थल भी बनाया गया है, जहां लोग खुले वातावरण में सुबह-शाम योग कर सकेंगे। इस योग स्थल का छप्पर खासतौर पर असम के कारीगरों ने बांस से तैयार किया है, जो गर्मी में भी ठंडक का एहसास देता है। इसके अलावा पर्यटकों के लिए पैडल बोटिंग की सुविधा भी दी जाएगी, जिससे लोग नदी किनारे का आनंद ले सकें। सुविधाओं की बात करें तो पार्क के प्रवेश द्वार पर खाने-पीने के लिए कैंटीन बनाई गई है। साथ ही पर्यटकों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था की गई है। पूरे पार्क में हरियाली से भरपूर एक वाटिका विकसित की गई है, जो इसे और भी खूबसूरत बनाती है। अगर पुराने समय की बात करें तो यह इलाका कूड़े के बड़े-बड़े ढेरों से घिरा हुआ था। इससे राप्ती नदी और आसपास का भूजल प्रदूषित हो रहा था। साथ ही मिथेन गैस के कारण अक्सर आग लगने और दुर्गंध की समस्या बनी रहती थी। जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता था।

## लाइफ मंत्र

# 27 अप्रैल को रखा जायेगा मोहिनी एकादशी व्रत



वैशाख माह में शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मोहिनी एकादशी व्रत रखा जाता है। वैसे तो हर महीने में दो एकादशी तिथि होती है। एक शुक्ल पक्ष और एक कृष्ण पक्ष में, लेकिन मोहिनी एकादशी का खास महत्व माना जाता है। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि मोहिनी एकादशी का व्रत 27 अप्रैल को रखा जाएगा। इस दिन भगवान विष्णु के मोहिनी स्वरूप की पूजा की जाती है। इस व्रत को करने से मनुष्य के सभी कष्ट दूर होते हैं। मान्यता है कि मोहिनी एकादशी का व्रत सभी प्रकार के दुखों का निवारण करने वाला, सब पापों को हरने वाला और व्रतों में उत्तम व्रत है। इस व्रत के प्रभाव से मनुष्य मोहजाल से छुटकारा पाकर विष्णु लोक को प्राप्त करता है। मोहिनी एकादशी के दिन पूजा अर्चना करने से मन को शांति मिलती है और धन, यश और वैभव में वृद्धि होती है। इस दिन सृष्टि के रचयिता भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त व्रत भी रखा जाता है। इस व्रत के पुण्य से भक्त के अनजाने में किए गए सभी पाप दूर हो जाते हैं।

भगवान विष्णु की कृपा भी प्राप्त होती है। हिंदू धर्म में साल में 24 एकादशी पड़ती हैं। एकादशी तिथि भगवान विष्णु को समर्पित है और इस दिन श्रीहरि की पूजा की जाती है। वैसे तो सभी एकादशी महत्वपूर्ण मानी गई है लेकिन वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाली एकादशी का भी विशेष महत्व है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पड़ने वाले एकादशी को मोहिनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। मोहिनी एकादशी का दिन भगवान विष्णु और उनके मोहिनी अवतार की पूजा करने के लिए मनाया जाता है। भक्त अपने पिछले पापों से छुटकारा पाने और विलासिता से भरा जीवन जीने के लिए मोहिनी एकादशी का व्रत रखते हैं। इस दिन व्रत-पूजा करने से साधक को सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साथ ही घर में सुख समृद्धि भी बनी रहती है।

**मोहिनी एकादशी तिथि**

हिंदू पंचांग के अनुसार, एकादशी तिथि रविवार 26 अप्रैल को शाम 06:08 मिनट से शुरु होकर अगले दिन सोमवार 27 अप्रैल को शाम 06:17 मिनट तक रहेगी। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार मोहिनी एकादशी का व्रत 27 अप्रैल 2026 को रखा जाएगा।

# 3 दिन की Trip, मजा विदेश जैसा! ये 5 Indian Destinations है Low Budget में एकदम परफेक्ट



कम बजट में 3 दिन की ट्रिप प्लान कर रहे हैं तो यह लेख आपके लिए है, जिसमें गोवा, पुदुचेरी, और ऋषिकेश जैसी 5 बेहतरीन जगहों के बारे में बताया गया है, जहां आप वीकेंड पर विदेश जैसा अनुभव ले सकते हैं। घूमने के शौकीन लोग हर बार कहीं न कहीं ट्रिप का प्लान बनाते रहते है। वीकेंड ट्रिप या 2-3 दिन के लिए लोग घूमने के लिए निकल ही जाते है। वैसे भी आज के समय में लंबी छुट्टी मिलना मुश्किल होता है। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि 3 दिन की ट्रिप के लिए भारत की सबसे लोकप्रिय जगहों पर घूमने जा सकते हैं। भारत में विविधता का देश माना जाता है, यहां पर घूमने के लिए एक से बढ़कर एक जगह है। आपका भी कहीं घूमने का मन है तो 3 दिन के लिए बैग पैक करके इन जगहों पर घूमने जा सकते हैं।

**गोवा**

अगर आप समुद्र किनारे सुकून के पल बिताना चाहते हैं और साथ ही शानदार नाइट लाइफ का आनंद लेना चाहते हैं, तो भारत में गोवा सबसे बेहतरीन विकल्प माना जाता है। छोटी छुट्टियों के लिए, खासकर 3 दिन की ट्रिप के लिए, यह जगह एकदम परफेक्ट है। यहां के मशहूर बीच जैसे बागा और कैलंगुट पर्यटकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। साथ ही, यहां आपको ठहरने के लिए होटल और घूमने के लिए स्कूटी आसानी से किराए पर मिल जाती है।

**मैक्लोडगंज**

यदि आपको हिल स्टेशन पसंद है तो आप मैक्लोडगंज जा सकती हैं। बौद्ध मठ और तिब्बती कल्चर देखने को मिलेगा। इसके साथ ही आपको यहां ट्रेकिंग का मजा भी ले सकते हैं। कम बजट वालों के लिए यह जगहें बेहद ही खास है।

**पुदुचेरी**

पुदुचेरी को 'मिनी फ्रांस' के नाम से भी जाना जाता है। यहां की रंगीन गलियां, खूबसूरत कैफे और शांत माहौल लोगों को खूब आकर्षित करते हैं। इस शहर की फ्रेंच शैली की इमारतें आपको विदेश जैसा अनुभव कराती हैं। यहां आप साइकिल या स्कूटी लेकर आराम से पूरे शहर की सैर कर सकती हैं और हर कोने का आनंद ले सकती हैं।

**उदयपुर**

राजस्थान वैसे भी अपनी भव्यता और खूबसूरती के लिए पूरे देश में मशहूर है, और यहां घूमने के लिए कई शानदार जगहें हैं। इन्हीं में से एक उदयपुर है, जिसे 'झीलों का शहर' भी कहा जाता है। अगर आप कुछ खास और शाही अंदाज का अनुभव करना चाहती हैं, तो उदयपुर आपके लिए बेहतरीन विकल्प है। यहां की शांत झीलें और शानदार महल हर किसी का दिल मोह लेते हैं।

**ऋषिकेश**

ऋषिकेश आज के समय में हर किसी का पसंदीदा ट्रैवल स्पॉट बन गया है। यह जगह खास तौर पर उन लोगों के लिए शानदार है, जो रोमांच और शांति दोनों का अनुभव एक साथ करना चाहते हैं। यहां आप रिवर राफ्टिंग और कैंपिंग जैसी एक्टिविटीज़ का आनंद ले सकती हैं, वहीं बंजी जंपिंग भी यहां काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा गंगा नदी के किनारे बैठकर जो सुकून मिलता है, उसका एहसास ही अलग होता है।



# Kedarnath Dham जाने का बना रहे हैं Plan? जानें Delhi से कितना आएगा खर्च, ये है पूरा Budget

**केदारनाथ यात्रा 2026 के लिए दिल्ली से जाने वाले श्रद्धालु यात्रा का पूरा प्लान यहां जानें, जिसमें रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, रूट, बजट, रुकने की जगह और हेलीकॉप्टर सेवा की विस्तृत जानकारी शामिल है।**

साल 2026 की चारधाम यात्रा की शुरुआत हो चुकी है। आज यानी 22 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे से केदारनाथ मंदिर के कपाट खुल चुके है। उत्तराखंड में भगवान शिव का ये मंदिर 3,583 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। अब मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ केदारनाथ दर्शन के लिए जा पहुंची है। गौरतलब है कि हर साल यहां पर लाखों श्रद्धालु भोले बाबा के दर्शन करने आते हैं। हालांकि, बिना जानकारी के ये यात्रा करना काफी मुश्किल हो जाता है। अगर आप पहली बार केदारनाथ जाने का सोच रहे हैं, तो इस लेख में हम आपको बताएंगे कि कैसे जाएं, कितना खर्चा आएगा, कहां रुकें और कितना समय लगेगा? दिल्ली-एनसीआर से केदारनाथ मंदिर जाने के लिए पूरा ट्रैवल गाइड जान लें।

**पहले करें रजिस्ट्रेशन**

केदारनाथ यात्रा पर जाने के लिए सबसे जरुरी है कि रजिस्ट्रेशन कराना। ये एकदम फ्री होता है, आप घर बैठे ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके बाद मोबाइल नंबर से ध्ऊइ लेकर साइन अप करना होता है और नाम, उम्र और ID की जानकारी दर्ज करनी होती है। इसके अतिरिक्त, फोटो और ID अपलोड करनी होती है। इसके बाद आपको QR कोड वाला ई-पास मिल जाएगा। इस पास के साथ ही आपको यात्रा शुरु करनी होगी क्योंकि सोनप्रयाग में इसकी चेकिंग होती है। इतना ही नहीं, आप चाहे तो ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन भी हरिद्वार, ऋषिकेश और सोनप्रयाग में करा सकते हैं।

**दिल्ली से केदारनाथ कैसे जाएं श्रद्धालु?**

**सड़क मार्ग से**

-दिल्ली से हरिद्वारः करीब 220 किलोमीटर (5 से 6 घंटे)

- हरिद्वार से गौरीकुंडः करीब 240 किलोमीटर (9 से 10 घंटे)

**- रास्ताः ऋषिकेश-रुद्रप्रयाग-गुप्तकाशी**

**ट्रेन या फ्लाइट से**

- ट्रेन से हरिद्वार और ऋषिकेश पहुंच सकती हैं
- फ्लाइट से देहरादून जाएं
- वहां से बस या टैक्सी लेकर आगे का सफर पूरा कर सकती हैं

**मंदिर तक कैसे पहुंचे?**

गौरीकुंड से केदारनाथ जाने के लिए मंदिर तक सीधी सड़क नहीं है। इसके लिए आपको 16 से 18 किलोमीटर की दूरी तय करनी होगी।

- पैदल ट्रेक 6 से 10 घंटे
- घोड़ा या पालकी
- हेलीकॉप्टर फटा, सिरसी या गुप्तकाशी से ले सकती हैं।

**मौसम कैसा रहेगा?**

अप्रैल के महीने में यहां का मौसम काफी ठंडा और अनिश्चित बना रहता है। दिन के समय तापमान लगभग 0 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच रहता है, जबकि रात होते-होते यह शून्य से नीचे भी गिर सकता है। कई बार अचानक बारिश या बर्फबारी भी देखने को मिलती है। ऐसे में यात्रा के दौरान गर्म कपड़े और मजबूत जूते साथ रखना बेहद जरूरी होता है।

**कितना आयेगा खर्च?**

- दिल्ली से देहरादून या हरिद्वार 300 से 1000 रूपये
- देहरादून से गौरीकुंड की बस- 300 से 500 रुपये
- सीधे बस (दिल्ली से गौरीकुंड)- 500 से 1000 रुपये
- हेलीकॉप्टर खर्च- सिरसी से राउंड ट्रिप के लिए करीब 5500 रुपये
- फाटा से भी 5500 रुपये
- गुप्तकाशी से 7740 रुपये

**कहां पर स्टे करें?**

आपको बता दें कि, मंदिर के पास रुकने की सुविधा कम होती है, इसलिए गुप्तकाशी या सोनप्रयाग में रुकना सही रहेगा। यहां पहले से होटल बुक कर लें वरना बाद में होटल में कमरे नहीं मिलते। आपको यहां जाने के लिए 4 से 5 दिन का समय चाहिए होगा।

**इन बातों का रखें ध्यान**

- सबसे पहले रजिस्ट्रेशन जरुर करें।
- ID और ई-पास हमेशा साथ रखें।
- पानी पीते रहें।
- रात में अकेले ट्रेकिंग न करें।

# Mussoorie नहीं, इस Hidden Paradise जाएं, मिलेगा सुकून और एडवेंचर




अगर आप भी कोई ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज हम आपको उत्तराखंड के एक ऐसे प्ाह न्र्तुि के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां का नजारा आप चाह कर भी नहीं भूल पाएंगे।

मसूरी, उत्तराखंड के सबसे बिजी और खूबसूरत हिल स्टेशन में से एक है। मसूरी में कितनी ही भीड़ क्यों न हो, लेकिन आपको यहां सुकून, शांति और खूबसूरती का एहसास हमेशा होगा। लेकिन जो लोग पहले भी मसूरी एक्सप्लोर कर चुके हैं। वह मसूरी के आसपास कोई नई, अगल और शांत जगह सर्च करते हैं।

ऐसे में अगर आप भी कोई ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड के एक ऐसे प्ाह न्र्तुि के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां का नजारा आप चाह कर भी नहीं भूल पाएंगे।

**किमाड़ी गांव**

अगर सच में आप उत्तराखंड की खूबसूरती देखना चाहते हैं, तो आपको किमाड़ी गांव जाने का प्लान करना चाहिए। यह उत्तरकाशी और देहरादून जिलों की पहाड़ियों में स्थित है। किमाड़ी गांव का नजारा देखने के बाद आप नैनीताल और मसूरी को भी भूल जाएंगे। आप यहां पर प्रकृति की असली खूबसूरती को देख सकेंगे। यह मसूरी के पास घूमने के लिए अच्छी जगह में से एक है।

किमाड़ी गांव से मसूरी की दूरी करीब 1 घंटे के आसपास है। अगर आपको रास्ते में ट्रैफिक नहीं मिलता है, तो आप 1 घंटे में यहां आराम से पहुंच जाएंगी।

**क्यों है खास**

किमाड़ी गांव की सबसे बड़ी खासियत यह है कि यहां आपको मसूरी जैसी भीड़ नहीं मिलेगी। यहां पर पर्यटक सिर्फ पहाड़ों की हवा, प्रकृति और शांत जीवन जीने के लिए आते हैं। यहां के नजारा घने जंगल और सुंदर वादियों से घिरा हुआ है। बुरांश, देवदार और चीड़ के जंगल का नजारा देखकर आपका दिल खुश हो जाएगा। इस गांव में आपको कॉटेज, छोटे-छोटे स्टे और ईको-स्टे मिलते हैं। वहीं यहां आपको स्थानीय लोग आपको मेहमानों की तरह बहुत प्यार देंगे।

आप किमाड़ी गांव में जो भी खाना खाएंगे, तो वह भी एकदम फ्रेश मिलेगा। दाल, रोटी, पहाड़ी सब्जियां और स्थानीय व्यंजन का लुत्फ उठा सकती हैं। इसके अलावा आप यहां पर मिनी ट्रेकिंग और झरने का भी खूबसूरत नजारा देख सकेंगी। इस गांव के पास कई छोटे झरने और हल्की-फुल्की ट्रेल्स हैं। जिन पर आप आसानी से वॉक किया जा सकता है। किमाड़ी गांव उत्तराखंड में एक छोटी सी पहाड़ी जगह है।


होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762




बच्चों के डॉक्टर

मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ

गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ

काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ

समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएंः पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
परामर्श समयः 08:30 से 04:00 बजे तक
डॉ. शेखर पूरी
MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ

ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar
MS.FICS M.ch (Urology)
CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ

तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी
मानसिक रोग विशेषज्ञ
MBBS,DPM, MD
Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ

डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170

लेडिज सूट शॉप

Designer Salwar Suit Lancha, Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप




मेडिकल शॉप

DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ

